एक नजर में

ग्रास बडोली से थड़ोली तक स्वीकृत सड़क निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने की मांग

नीमच। विधानसभा क्षेत्र 229 (नीमच) के अंतर्गत ग्राम बडोली से थड़ोली तक स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा ।ग्रामीणों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि ग्राम बडोली से थड़ोली तक का कच्चा मार्ग पिछले करीब 70 वर्षों से आवागमन के लिए उपयोग में लिया जा रहा है। यह मार्ग ग्राम पंचायत थड़ोली, श्मशान घाट, विद्यालय और अन्य सार्वजनिक स्थलों को जोड़ता है। इसी मार्ग पर मिडिल स्कूल भी स्थित है, जहां से प्रतिदिन बच्चे आना-जाना करते हैं ।ग्रामीणों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत इस मार्ग पर 2.80 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 2 करोड़ 74 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। अधिकांश भूमि मालिकों ने सड़क निर्माण हेतु अपनी सहमति दे दी है, लेकिन एक व्यक्ति द्वारा सहमति न देने और कुछ बाहरी लोगों द्वारा सड़क को डाइवर्ट करने के प्रयास से कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है ।ज्ञापन में मांग की गई कि स्वीकृत मार्ग पर ही शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि ग्रामीणों और विशेषकर विद्यालय जाने वाले बच्चों को आवागमन में सुविधा मिल सके ।ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क भविष्य में रेतली, देवली,सरवानिया महाराज और मोरवन को भी जोड़ेगी,जिससे पूरे क्षेत्र को लाभ मिलेगा ।ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की मांग की है।

पांच साल से फरार चल रहे आरोपी चढ़े हत्थे, अब रहेंगे सलाखों के पीछे

नीमच। थाना रामपुरा पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एन.एस. सिसौदिया और एसडीओपी मनासा शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में अपराध क्रमांक 26/25 धारा 109, 121(1), 132, 191(2), 191(3), 190, 127(2), 3(2) के तहत फरार आरोपियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी - प्रभुलाल पिता मोडीराम राठौर (41) - बाबरुलाल पिता रामचंद्र राठौर (48) - रामप्रसाद पिता नाथुलाल धाकड़ (43) - प्रवीण उर्फ पप्पू पिता भगवानलाल धाकड़ (29) - मनोहर उर्फ भोलाराम पिता मोडीराम धाकड़ (37) सभी निवासी ग्राम चौकड़ी, चौकी कंजार्डा, थाना मनासा। मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को दबोचा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी रामपुरा विजय सागरिया और पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

जमीन विवाद के कारण आर्मी के जवान के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपीगण को 03-03 माह का सश्रम कारावास

नीमच। विशाल खाड़े, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच द्वारा पुराने जमीन विवाद की रंजीश के कारण आर्मी के जवान के साथ मारपीट करने वाले दो आरोपीगण (1) पर्वतसिंह पिता निर्भयसिंह राजपूत, उम्र-38 वर्ष एवं (2) कमलसिंह पिता देवीसिंह सौंधिया, उम्र-35 वर्ष, दोनो निवासी-ग्राम मेलकी मेवाड़, थाना नीमच सिटी, जिला-नीमच को धारा 323/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03-03 माह के सश्रम कारावास व 1000-1000 रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री अजय वर्मा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 05 वर्ष पूर्व दिनांक 17.09.2020 की दिन के लगभग 12 बजे ग्राम मेलकी मेवाड़ स्थित शासकीय स्कूल के पास की हैं। फरियादी दिलीप राजपूत आर्मी में जवान हैं और वह छुट्टी पर उसके गांव आया हुआ था। फरियादी और आरोपीगण का घर एक दूसरे के आमने सामने हैं तथा उनके मध्य पूर्व से ही जमीन के विवाद को लेकर रंजिश चली आ रही हैं। घटना दिनांक को फरियादी कुए पर जा रहा था तब आरोपीगण जमीन की रंजिश को लेकर उसके साथ विवाद करने लगे तथा पर्वतसिंह ने पत्थर से तथा कमलसिंह ने लकडी से फरियादी के साथ मारपीट कर चोटे पहुंचाई। घटना स्थल के आस-पास मौजूद लोगों ने आकर बीच बचाव किया। फरियादी ने घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना नीमच सिटी पर की जिस पर से अपराध पंजीबद्ध किया गया व फरियादी का मेडिकल किये जाने के बाद आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में फरियादी व चश्मदीद साक्षी सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया एवं जुर्माने की राशि में से 1000 रूपये प्रतिकर के रूप में पीडित दिलीप को प्रदान करने का आदेश भी दिया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री अजय वर्मा, एडीपीओ द्वारा की गई।

जीरन के 45 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर जीवन लीला की समाप्त

नीमच। जिले के जीरन में रहने वाले एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने बीती रात फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक का नाम मांगीलाल पिता बाबरू अहिरवार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीरन के बस स्टैंड के पास रहने वाले मांगीलाल ने बीती रात अपने घर पर ही फांसी लगा ली। मांगीलाल के आत्महत्या का कारण अज्ञात है। जीरन पुलिस को सूचना मिलते ही मृतक का शव जिला चिकित्सालय लाया गया। यहां आज सुबह मृतक मांगीलाल के शव का पोस्टमार्टम किया गया। जीरन पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मांगीलाल की मौत से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

हार्मनी संगीत संध्या का शंखनाद अक्टूबर में

नीमच। गीत संगीत के क्षेत्र में नीमच नगर की सुविख्यात संस्था हार्मनी अपना वार्षिक संगीत का आयोजन अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित करने जा रही है । संस्था के वरिष्ठ जम्बु कुमार जैन ने बताया कि सन 1991 से लगातार हो रहे कार्यक्रम का 35वां वर्ष है जिसे अंचल के सूधि श्रोताओं को बड़ी बेसब्री से प्रतीक्षा रहती है। उल्लेखनीय है कि नगर के शौकियां एवं गैर व्यावसायिक कलाकारों द्वारा स्थापित संस्था द्वारा कार्यक्रम की विधिवत तैयारियां प्रारंभ की जा रही है।

अल्हेड़ पंचायत ने बनाया गार्डन, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले चकरी और फव्वारा लगाया

अल्हेड़। ग्राम पंचायत अल्हेड़ ने आंगनवाड़ी केंन्द्र व उपस्वास्थ्य केन्द्र के पास एक सुंदर गार्डन विकसित किया गया है। गार्डन में सुसज्जित रंगीन रोशनी, फाउंनटेन (फव्वारा) भोलेनाथ की प्रतिमा और बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले चकरी लगाए है।

यह गार्डन ग्रावासियों और बच्चों के लिए गर्मी में आकर्षण का केंद्र बन गया है। स्वच्छता मद से बने इस गार्डन को ग्राम पंचायत ने मनासा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री अनिरुद्ध (माधव) मारू के कुशल मार्गदर्शन एवं ग्राम वासियों के सहयोग तैयार किया है। बगीचे में पौधे लगाए। सौंदर्यीकरण हेतु भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापित की और उसे फाउंनटेन से कवर किया। शाम होते ही फव्वारा चलाता है और उसमें से रंग बिरंगी रोशनी निकलती है। यहां की हरियाली लोगों को आकर्षित कर रही है। शाम होते ही ग्रामवासी बच्चों के साथ गार्डन पहुंच रहे हैं। गार्डन में बच्चों के लिए झूले,चकरी, बैठने की कुर्सियां और हरियाली की व्यवस्था की है। शाम के समय बच्चों की चहल कदमी और परिवारों की मौजूदगी से गार्डन गुलजार हो जाता है। ग्राम पंचायत सरपंच आनंद श्रीवास्तव ने बताया ग्राम पंचायत गार्डन विकसीत करने में सौंदर्याकरण और पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान दिया है। गार्डन पौधे लगाए हैं। बाउंड्रीवॉल और प्रवेश द्वार पर स्वागत द्वारा भी तैयार किया गया है। बच्चों के खेलकूद के लिए झूले और चकरी और रात में रोशनी के लिए लाइट लगाई है।

गार्डन का यह दृश्य आकर्षक और सुखद है जो देखने वालो के मन को आकर्षित कर रहे है और मनोरंजन के संसाधन झूले चकरी बच्चों का उत्साह बढ़ा रहे है ग्राम वासियो को महत्वपूर्ण सौगात की बधाई एवं विधायक अनिरूद्ध (माधव) मारू का का आभार। जो समय समय पर ग्राम पंचायत के विकास और गांव के सौंदर्यीकरण हेतु हमारा मार्गदर्शन करते रहते है। सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सासंद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान, संगठन स्तर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष कैलाश पुरोहित, प्रशासनिक स्तर पर कलेक्टर हिमांशू चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एसडीएम किरण आँजना, सीईओ जनपद सीइओ आरिफ खान, जिला पंचायत सदस्य धापू बाई श्याम लाल वसीटा और जनपद पंचायत सदस्य सीताबाई गंगाराम कछावा का भी ग्राम पंचायत को विकसीत बनाने में हर संभव सहयोग मिलता है। गांव के युवा हर विकास कार्य में पंचायत का कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करते है। कोई श्रमदान करने में पीछा नहीं रहता है। पंचायत की छोटी सी अपील पर युवा अपने अपने स्तर पर सहयोग करने में जुट जाते है। बडे बुजुर्गो का मार्गदर्शन भी पंचायत समय समय पर लेती और गांव विकास करती है। गांव को उत्कृष्ट कार्य करनें पर जिले में प्रथम नंबर का पुरस्कार भी मिल चूका हैं गांव में झूले चकरी फव्वारा, गार्डन, लगाने वाली भी अल्हेड़ जिले की पहली पंचायत बन गई हैं।

पुजारियों की फसल नष्ट, मुआवजा दिलाने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

नीमच। अखिल भारतीय संत समिति धर्म समाज पुजारी इकाई जिला नीमच ने अतिवृष्टि और पीला मोजेक रोग से पुजारियों की फसलें नष्ट होने पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की ज्ञापन में बताया गया कि जिले के सभी शासन संधारित मंदिरों के पुजारियों के पास कृषि भूमि है, जिस पर वे अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए खरीफ की फसलें जैसे सोयाबीन, उड़द एवं अन्य फसल बोते हैं। लेकिन हाल ही में आई अतिवृष्टि और फसलों पर फैले पीला मोजेक रोग के चलते अधिकांश फसलें बर्बाद हो गई हैं। पुजारियों का कहना है कि मंदिर की कृषि भूमि का प्रबंधक कलेक्टर होने से उन्हें अन्य किसानों की तरह शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता ।इसके कारण न तो उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण मिलता है और न ही फसल बीमा का लाभ प्राप्त हो पाता है। ऐसे में प्राकृतिक आपदा से हुई हानि की भरपाई उनके लिए असंभव हो जाती है ।चूंकि पुजारियों की आय का प्रमुख साधन यही खेती है, इसलिए नुकसान से उनके परिवार का जीवन संकट में आ गया है। पुजारियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जिले के सभी मंदिर पुजारियों को भी अन्य किसानों की तरह फसल क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजा राशि प्रदान की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में महन्त सालगरामदास, बलरामदास बैरागी, गोपालदास बैरागी और मुकेशदास बैरागी सहित बड़ी संख्या में पुजारी शामिल रहे।

2 अक्टूबर से दुग्ध उत्पादन को दो गुना करने के लिए अभियान शुरू होगा

दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान प्रारंभ होगा

नीमच। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लिए नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति पशुपालकों को जागरूक करने हेतु दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान तीन चरणों में संचालित किया जायेगा। प्रथम चरण में 10 या 10 से अधिक गाय एवं भैंस रखने वाले पशुपालकों से व्यक्तिशः संपर्क किया जायेगा। द्वितीय चरण में 5 या 5 से अधिक गाय एवं भैंस रखने वाले पशुपालक एवं तृतीय चरण में 5 से कम गाय एवं भैंस रखने वाले पशुपालकों से संपर्क किया जावेगा। इस अभियान के तहत प्रथम चरण में भारत पशुधन एप से प्राप्त 10 या 10 से अधिक गाय एवं भैंस रखने वाले पशु पालक से गृह भेंटकर सूची का सत्यापन जिले में पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री द्वारा पांच दिवस में किया जावेगा।

भारत पशुधन एप से प्राप्त 10 या 10 से अधिक गाय एवं भैंस वाले पशु पालकों की सूची अनुसार सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री द्वारा पशुपालक से गृह भेंट की जाएगी तथा सूची का सत्यापन किया जाकर पशुपोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के संबंध में प्रभावी रूप से पशुपालक को जागरूक करने की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही कितने पशुओं में टैग नहीं लगा है इसकी जानकारी भी एकत्रित की जावेगी। उक्त कार्य हेतु मैत्री को प्रति पशु पालक के मान से 5 .00 रूपये की राशि दी जाएगी।

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बताया, कि मैत्री द्वारा संपादित उक्त कार्य का भौतिक सत्यापन संबंधित क्षेत्र के पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी द्वारा किया जावेगा। पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी द्वारा किया जावेगा। पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी को न्यूनतम 10 प्रतिशत पशुपालक तथा न्यूनतम 5 गांव का सत्यापन अनिवार्य होगा।

जिले के उपसंचालक एवं जिला पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के न्यूनतम 2 ग्राम का भ्रमण कर, पशुपालकों से भेंटकर जानकारी का सत्यापन किया जायेगा। राज्य स्तर से जिले हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा अपने जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के न्यूनतम 2 गांवों का भ्रमण किया जाकर पशुपालकों से भेंटकर जानकारी का सत्यापन किया जायेगा। उपसंचालक, जिला पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी, संयुक्त संचालक तथा राज्य स्तर से नियुक्त नोडल अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर पृथक-पृथक ग्रामों में भ्रमण करना सुनिश्चित करेंगे। दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान में प्रत्येक जिले से मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान, भोपाल में किया जाएगा। नीमच जिले से दो मास्टर ट्रेनर से प्रशिक्षण के लिए भेजा जावेगा। जिले के मास्टर ट्रेनर 15 एवं 16 सितम्बर को राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 18, 19, 22 एवं 23 सितम्बर 2025 को जिले में विकासखण्ड स्तर पर डॉक्टर, एव्हीएफओ तथा मैत्री को प्रशिक्षण देंगे। उप संचालक पशुपालन 25 सितंबर 2025 तक समस्त सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी तथा मैत्री का ग्रामवार एवं तिथिवार भ्रमण कार्यक्रम तैयार करेंगे। दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ 2 अक्टूबर 2025 को होगा। जिसके अंतर्गत दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की जानकारी 02 अक्टूबर 2025 की ग्राम सभा में ग्रामवासियों को दी जाएगी। 3 अक्टूबर 2025 से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार प्रारंभ होगा। अभियान की अवधि 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2025 तक रहेगी। प्रतिदिन किये गये कार्य की जानकारी संबंधित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री द्वारा पोर्टल, गूगल शीट पर दर्ज की जावेगी। उक्त दर्ज जानकारी अनुसार राज्य स्तर पर स्थापित कॉल सेंटर द्वारा 2 प्रतिशत पशुपालकों का सत्यापन किया जायेगा। सत्यापन कार्य में समस्त जिलों के सभी विकासखण्डों को कवर किया जायेगा।

जिले में पदस्थ अपर कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टरों के मध्य नये सिरे से कार्यविभाजन

परियोजना अधिकारी शहरी विकास का दायित्व डिप्टी कलेक्टर पराग जैन को सौंपा

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा जिले में पदस्थ अपर कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टरों के मध्य नये सिरे से कार्यविभाजन आदेश जारी किया गया है। इसके तहत डिप्टी कलेक्टर पराग जैन को परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण का दायित्व सौंपा गया है। अपर कलेक्टर बी.एस.कलेश को सर्म्पूण जिले की कानून व्यवस्था का प्रभारी अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भारत निर्वाचन एवं राज्य निर्वाचन, कलेक्टोरेट की स्थापना शाखा , राहत एवं पुर्नवास, नाजीर सभी आयोग, टी.एल.,संपत्ति वाद, चरित्र सत्यापन जिला होमगार्ड, विधानसभा प्रश्न, कोलाहल नियंत्रण, आपदा, जेल, कोषालय, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के जीपीएफ, डीपीएफ, पार्ट फाईनल स्वीकृति, फसल बीमा, उपार्जन, लायसेंस शाखा, देव स्थान, भू-अर्जन एवं विभागीय जॉच शाखा, का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन को परियोजना अधिकारी शहरी विकास के साथ आरएम, राजस्व गणक, लोक परिसंपत्तियां, धारणाअधिकार, जिला योजना एवं सांख्यिकीय नीमच, जिला अस्पताल की प्रभारी व्यवस्थाओं के प्रभारी अधिकारी, पंख अभियान के नोडल अधिकारी, सूचना का अधिकार, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, आदि शाखाओं का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे को भू-अभिलेख, जिला भू-प्रबंधक प्रभारी अधिकारी, बंगला बगीचा, अधीक्षक, सहायक अधीक्षक, एससी-2, आवास, आरटीसी, नजूल शाखा, अल्प बचत, कर्मचारी कल्याण वित्त-2 लेखा, आदि शाखाओं का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर सुश्री मयूरी जोक को विधानसभा नोडल अधिकारी, रेडक्रास, ब्रिस्क, क्रिस्क स्टेशनरी, लायब्रेरी, सीएस मानिट, सीएम हॉउस, जनसुनवाई, सामान्य शिकायत, सीपीजी एवं पीजी शिकायत, सीएम हेल्पलाईन, मंत्रीगण शाखा, एससी-1 शाखा, उपसंचालक सामाजिक न्याय का अतिरिक्त प्रभार एवं डीएमएफ का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया हैं।

इनरव्हील ने किया 21 शिक्षकों का सम्मान

नीमच। सेवा के क्षेत्र में समर्पित संस्था इनरव्हील क्लब नीमच ने शसाकीय बालक विद्यालय सिंधी शाला में 8 सितंबर 2025 को शिक्षकों का सम्मान कर शिक्षक दिवस मनाया। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के पूर्व अध्यक्ष डॉ. माधुरी चौरसिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया की संस्था द्वारा 21 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं पौधा भेंट कर सम्मनित किया गया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ सी.सी.सी. चेयरमैन एवं पूर्व मंडलाध्यक्ष संगीता जोशी, अध्यक्ष अमरजीत कौर, सचिव प्रेरणा शर्मा, स्कूल प्राध्यानापिक सोनिया लक्षकार, आई.एस.ओ. सिम्मी सलूजा, कोषाध्यक्ष अलका चड्ढा, एडीटर शारदा तौर द्वारा माँ सरस्वती एवं इनरव्हील जनक ओलीवर गोल्डी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इनरव्हील प्रार्थना का वाचन सचिव प्रेरणा शर्मा ने किया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अमरजीत कौर ने प्रदान किया।

इस अवसर पर ज्ञानोदय यूनिवर्सिटी की कुलाधिपति डॉ. माधुरी चौरसिया, डाईट प्राचार्या पुष्पांजलि तिवारी, मंजू ओझा, सीमा अरोरा, प्रीति ग्रोवर, उषा खंडेलवाल, बीना खंडेलवाल, बीना लालवानी, विजिता लोहानी, शशि मोगा, सोनिया लक्षकर, माधवी जाधव, अलका भंडारी, योगिता गौड़, प्रज्ञा मित्तल, भगवती करमचंदानी, संगीता उपाध्याय, कामिनी जोहरी, मोहम्मद हनीफ निजामी, राकेश मांगरिया, नजमा शेख, मनीषा गिरी का सम्मान किया गया इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रजिया अहमद द्वारा एक छात्र को साइकिल प्रदान की गयी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में इनरव्हील सदस्य एवं विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

एक नजर में

अभ्यास मंडल का 67वाँ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अंतर-महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता

एआई पर अत्याधिक निर्भरता से कल्पना शक्ति व मौलिकता पर हो रहा आघात

इंदौर. अभ्यास मंडल के 67वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला के सभागार में अंतर-महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस अवसर पर शहर के 18 महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने एआई ही रचनात्मकता को नष्ट कर रहा है- विषय पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए.

प्रतियोगिता में छात्रों ने जहाँ एक ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को मानव मस्तिष्क की सृजनशीलता और मौलिक सोच के लिए खतरा बताया, वहीं दूसरी ओर इसे नए अवसरों और नवाचार का मार्गदर्शक भी सिद्ध करने का प्रयास किया. पक्ष रखने वाले प्रतिभागियों ने कहा कि एआई पर अत्यधिक निर्भरता से कल्पनाशक्ति और मौलिकता पर आघात हो रहा है, वहीं विपक्ष में बोलने वाले छात्रों का मानना था कि एआई केवल एक उपकरण है, जो इंसान की सोच को और अधिक गहराई और गति प्रदान करता है. इस प्रतियोगिता का उदघाटन वरिष्ठ पत्रकार प्रो प्रतीक श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया. अपने संबोधन में कहा की अभ्यास मंडल इंदौर के सामाजिक कार्य को करने में हमेशा तत्पर रहता है अभ्यास मंडल ने 67 साल से संवाद का सिलसिला जारी रखा है. पत्रकारिता महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष प्रो सोनाली नारगुंडे ने सभी प्रतिभागी को शुभ कामना दी. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जोश और उत्साह के साथ अपने तर्क प्रस्तुत किए. निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की भाषा-शैली, विषय की समझ और तर्क क्षमता के आधार पर मूल्यांकन किया. निर्णायक थे प्रो शिल्पा ग्रोवर, निखिल जैन. कार्यक्रम संचालन पल्लवी आढाव, कुणाल भंवर ने किया. आभार शफी शेख ने माना. इस अवसर पर रामेश्वर गुप्ता, मालासिंह ठाकुर, स्वप्निल व्यास, वैशाली खरे, पराग जटाले, मनीष भालेराव, मयंक शर्मा , प्रणीति दीक्षित आदि उपस्थित थे.

ये रहे विजेता

विजेता पक्ष में प्रथम पुरस्कार देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग की गौरांगी मेहता, द्वितीय पुरस्कार स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन की सजल जैन और तृतीय पुरस्कार श्री वैष्णव कला वाणिज्य महाविद्यालय की आईशी ओझा को मिला. विपक्ष में प्रथम पुरस्कार इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की प्राची पाटिल, द्वितीय पुरस्कार वैष्णव कला एवम् वाणिज्य महाविद्यालय की संस्कृति शर्मा और तृतीय पुरस्कार शासकीय नवीन लॉ कॉलेज की सपना पुष्पद को मिला. इस प्रतियोगिता के सहभागी को प्रमाणपत्र और विजेता को पुरस्कार 12 सितम्बर को प्रदान किया जायेगा.

तरुणोदय 14 को

इंदौर. शिकायत नहीं, समाधान खोजो- मंच से नहीं, मन से बोलो- सामने नहीं, साथ में बैठो- इसी मूल विचार के साथ तरुणोदय- प्रयास 1 का आयोजन 14 सितम्बर को होगा. यह कार्यक्रम नर्मदिय ब्राह्मण समाज के युवाओं का एक स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रयास है, जो समाज में सकारात्मक सोच, मूल्य आधारित संवाद और रचनात्मक समाधान को लेकर एक नई पहल की शुरुआत कर रहे हैं. इसमें कोई मंच नहीं होगा, कोई औपचारिक पद नहीं होगा और सभी प्रतिभागी ज़मीन पर एक साथ बैठकर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे. यहाँ बात पद या प्रचार की नहीं, बल्कि मिलकर समाज को बेहतर बनाने की होगी. यह आयोजन 14 सितम्बर को 9 बजे से शाम 5 बजे तक माँ कनकेश्वरी माता मंदिर (सफ़ेद मंदिर), संस्कार केंद्र हॉल, रेडीमेड कॉम्प्लेक्स के पास, परदेशीपुरा में आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम की विशेषता यह है कि इसमें भारत के विभिन्न राज्यों से समाज के युवा प्रतिनिधि शामिल होंगे और समाज के वर्तमान तथा भविष्य से जुड़े विषयों पर विचार करेंगे. यह आयोजन पूरी तरह से राजनीति और चुनावी प्रभावों से मुक्त रहेगा.